12|12|19 E

This question paper contains 4 printed pages]

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **1889**

Unique Paper Code : **52051317** **JC**

Name of the Paper : **हिंदी भाषा और साहित्य 'ग'**

Name of the Course : **B.Com. (Prog.) CBCS**

Semester : **III**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10+10=20

(क) बड़ी-बड़ी इमारतें आने लगीं। यह अदालत है, यह कॉलेज है, यह क्लबघर है! इतने बड़े कॉलेज में कितने लड़के पढ़ते होंगे। सब लड़के नहीं हैं जी। बड़े-बड़े आदमी हैं, सच। उनकी बड़ी-बड़ी मूँछें हैं। इतने बड़े हो गए, अभी तक पढ़ने जाते हैं। न जाने कब तक पढ़ेंगे और क्या करेंगे इतना पढ़कर। हामिद के मदरसे

P.T.O.

munotes.in

में दो-तीन बड़े-बड़े लड़के हैं, बिल्कुल तीन कौड़ी के। रोज़ मार खाते हैं, काम से जी चुराने वाले। इस जगह भी उसी तरह के लोग होंगे क्या ?

अथवा

शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी को पसीना पोंछने की फुर्सत न थी। पत्नी ड्रैसिंग गाउन पहने, उलझे हुए बालों का जूड़ा बनाये, मुँह पर फैली हुई सुर्खी और पाउडर को मले, और मिस्टर शामनाथ सिगरेट-पर-सिगरेट फूँकते हुए, चीजों की फेहरिस्त हाथ में थामे, एक कमरे से दूसरे कमरे में आ-जा रहे थे।

(ख) यावत् विद्या और ज्ञान पहले जिह्वा से कहकर प्रकट न किये गये होते तो केवल लेख-शक्ति से कुछ न होता, न हमारी सभ्यता इस छोर तक पहुँचती। जबान को दबाना क्रोध को दबा रखने का एक ही उपाय है। कई बार की आजमाई हुई बात है कि कैसा ही क्रोध आया हो चिल्लाने के एवज धीरे-धीरे बोलो, क्रोध क्रम-क्रम आप ही शांत हो जाएगा।

munotes.in



अथवा

गाँवों की आवश्यकताएँ तो बहुत-सी हैं, पर उनमें से कुछ की पूर्ति तो अविलम्ब होनी चाहिए, नहीं तो देशोद्धार का कोई आन्दोलन सर्वांशतः सफल नहीं हो सकता। पहली आवश्यकता, शिक्षा-प्रचार के लिए, स्कूल-पाठशालाओं की है। बहुत से गाँवों में प्रारंभिक शिक्षा की भी व्यवस्था नहीं है। कुछ गाँवों में छोटे-मोटे स्कूल हैं, पर उनमें से बहुतों की दशा शोचनीय है। आपस के मतभेद अथवा ईर्ष्या-द्वेष के कारण अनेक स्कूलों में शिक्षा का वास्तविक प्रचार नहीं हो पाता।

2. हिंदी नाटक के विकास का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 12

अथवा

हिंदी निबंध के विकास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

3. 'ईदगाह' कहानी का प्रतिपाद्य लिखिए। 12

अथवा

'चीफ की दावत' कहानी के आधार पर शामनाथ का चरित्र-चित्रण कीजिए।

4. 'ज़बान' निबन्ध का सार लिखिए। 12

**अथवा**

'होना कुछ नहीं का' पाठ की समीक्षा कीजिए।

5. 'गिल्लू' का चरित्र-चित्रण कीजिए। 12

**अथवा**

'गंगा स्नान करने चलोगे' ? पाठ का सारांश लिखिए।

6. किसी **एक** विषय पर टिप्पणी लिखिए : 7

(क) प्रेमचंदयुगीन नाटक;

(ख) हिंदी रेखाचित्र;

(ग) शुक्लोत्तर निबन्ध।

munotes.in